बांड मार्केट की कर विसंगतियां दूर करने की जरूरत : सेबी

एजेंसी. नई दिल्ली

बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने कहा है कि मौजूदा बांड मार्केट में कई कर विसंगतियां हैं, जिन्हें दूर करने की जरूरत है। सेबी के अध्यक्ष यूके सिन्हा ने सभी निवेशकों के लिए एकीकृत कर व्यवस्था लागू करने का सुझाव देते हुए कहा कि सरकार को चाहिए कि कर प्रणाली से जुड़ी सभी कमियों को दूर करने के लिए विस्तृत नीति बनाई जाए। अभी बांड में निवेश करने के लिए विभिन्न कर दरें लागू हैं। वे यहां शनिवार को संवाददाताओं से बात कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बांड बाजार में सबसे जटिल मुद्दा कर प्रणाली से जुड़ा है। निवेशकों को कर राहत देने अथवा नहीं देने से कई मसले जुड़े हुए हैं। जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर बांड में एफआईआई के निवेश करने पर विद होल्डिंग टैक्स अथवा कर कटौती का स्तर दूसरों से अलग है। ऐसे में इन विसंगतियों को दूर करना जरूरी है। उन्होंने वित्त मंत्री से मांग की कि विद होल्डिंग टैक्स पॉलिसी में बदलाव की जरूरत है। इन्हें दूर किए बिना लोगों को निवेश के लिए प्रोत्साहित करना नामुमकिन है। कुछ मामलों में विद होल्डिंग टैक्स पांच फीसदी है जबकि दूसरे मामलों में यह 20 फीसदी तक चला जाता है।

पोंजी स्कीमों पर रोक का कानून बनने की उम्मीद

सिन्हा ने कहा कि सेबी को अध्यादेश के जरिये निवेश संबंधी धोखाधड़ी के खिलाफ कार्रवाई के अधिकार तो मिल गए हैं और आशा है कि शीघ्र ही इसे स्थायी कानून का रूप भी मिल जाएगा। सेबी को इस अध्यादेश के तहत प्रोपर्टी के अटेचमेंट, रिकवरी प्रक्रिया, जांच के लिए कॉल डेटा रिकार्ड मंगाने, तलाशी और जब्ती जैसे अधिकार मिल गए हैं।

वैकल्पिक निवेश कोषों के लिए कड़ी शर्तें

सिन्हा ने कहा कि सेबी ने कारोबार में पारदर्शिता को मजबूती देते हुए वैकल्पिक निवेश कोषों के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें उनके लिए खुलासे की कड़ी शर्तें रखी गई हैं। वैकल्पिक निवेश कोषों (एआईएफ) को भारत में मूल रूप से ऐसे कोषों के तौर पर स्थापित किया गया जो कि निवेश की पहले से तय नीति के तहत भारतीयों और विदेशी निवेशकों से पूंजी जुटाते हैं।

सोने में अभी तेजी जारी रहने की संभावना

वैश्विक संकेतों से मिली मजबूती, भाव 1350 डॉलर प्रति औंस के पार जाने के आसार

भास्कर न्यूज. जयपुर

इराक की बिगड़ती स्थिति और अमेरिकी शीर्ष बैंक फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दर नहीं बढ़ाने के बाद प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर कमजोर होने से अगले सप्ताह भी सोना दो-तीन फीसदी महंगा होने की संभावना है। इस सप्ताह लंदन में हाजिर बाजार में सोने की कीमत तीन फीसदी बढ़कर 1314.80 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में इस वर्ष सोने की कीमत में 9.5 फीसदी की बढ़ोतरी हो चुकी है। वहीं अगले सप्ताह सोने की कीमत बढ़कर 1350 डॉलर प्रति औंस के पार होने की संभावना है। किटको गोल्ड सर्वे में हिस्सा लेने वाले 26 प्रतिभागियों में से 18 ने भी सोने में तेजी आने की संभावना बताई है।

कीमतों में तकनीकी सुधार

पिछले आठ महीने के दौरान सोने का स्तर काफी नीचे आ गया था। इस वजह से सोने की कीमतों में तकनीकी सुधार हो रहा है।

फिर भी वास्तविक खरीदार बाजार से दूर

सोने की कीमतों में तेजी आने के साथ ही वास्तविक खरीदार एक बार फिर बाजार से दूर हो गए हैं। वास्तविक खरीदारों को सोने कीमतें फिर नीचे आने की उम्मीद है।

हेज फंड कर रहे हैं सोने की खरीद

वहीं कुछ विश्लेषक ऐसे भी हैं, जो मानते हैं कि सोने की मांग नहीं है। इस वजह से सोने में ज्यादा तेजी की संभावना कम है। साथ ही अगले कुछ महीने सोने में गिरावट का रुख रहने वाला है। अभी वायदा एक्सचेंज में सोने की खरीद हेज फंड (सटोरिया समुदाय) कर रहे हैं। सोने के मौजूदा भावों पर वास्तविक खरीदार पीछे हट गए हैं। फीनिक्स फ्यूचर एंड ऑप्शन एलएलसी के मालिक केविन ग्रेडी का कहना है कि 1325 डॉलर प्रति औंस के भाव फंड्स की ओर से आक्रामक खरीदारी की जा सकती है, लेकिन इसके बावजूद सोने में बड़ी तेजी की संभावना कम है।

सोने में तेजी का आधार तैयार

सोने में तेजी के तीन कारण हैं। पहला फेडरल रिजर्व की नीति, दूसरा इराक की अशांति और तीसरा तकनीकी सुधार। इससे अगले सप्ताह भी सोने में तेजी का आधार तैयार हो गया है।

-ओले हेनसन, कमोडिटी विश्लेषक, सेक्सो बैंक

फेडरल रिजर्व का भी असर

इराक में गृहयुद्ध के हालात से सोने में तेजी को समर्थन मिला, लेकिन यह सोने में तेजी का प्रारंभिक कारण नहीं है। निवेशकों ने सुरक्षित विकल्प के तौर पर सोने को चुना है। फेडरल रिजर्व की ओर से ब्याज दरों में बढ़ोतरी नहीं करने से सोने में ज्यादा उछाल आया है।

-एडरेन डे, सीईओ, एडरेन डे एसेट मैनेजमेंट

सोने, चांदी के भाव स्थिर

जयपुर. कमजोर कामकाज के दौरान स्थानीय सर्राफा बाजार में दोनों कीमती धातुओं में कोई फेरबदल नहीं हुआ। सोना स्टैंडर्ड, जेवराती सोना, चांदी एवं चांदी कलदार के भाव स्थिर रहे। भाव :- चांदी (999) 45,200, चांदी रिफाइन 44,700 रुपए प्रति किलो। चांदी कलदार 80,000 रुपए प्रति सैकड़ा। सोना स्टैंडर्ड 28,700 रुपए, सोना जेवराती 27,100 रुपए, वापसी 26,500 रुपए प्रति 10 ग्राम।

मांग से दड़ा गेहूं में तेजी

जयपुर. प्रदेश की उत्पादक मंडियों में इन दिनों गेहूं की दैनिक आवक घट गई है। आटा मिलों की डिमांड जारी रहने से दड़ा गेहूं शनिवार को 20 रुपए और महंगा हो गया। इसके मिल डिलीवरी भाव 1740 रुपए प्रति क्विंटल पर जा पहुंचे। समर्थन पाकर आटा, मैदा व सूजी के भाव भी 10 रुपए प्रति कट्टे उछल गए। उधर मूंग एवं मूंग दाल के भावों में 100 रुपए की गिरावट दर्ज की गई।

गुड़ में 50 रु. का उछाल

जयपुर. उत्तर प्रदेश की प्रमुख उत्पादक मंडियों मुजफ्फरनगर, बरेली एवं खतौली आदि में गुड़ की आवक समाप्त हो गई है। कोल्ड स्टोरों से गुड़ निकलना शुरू हो गया है। इस बीच स्थानीय थोक बाजारों में पशु पालकों की मांग निकलने से शनिवार को गुड़ की सभी किस्मों में 50 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी दर्ज की गई। दूसरी ओर चीनी की कीमतों में आज भी स्थिरता रही।

कालीमिर्च 100 रु. महंगी

जयपुर. स्टॉक तंगी के चलते कालीमिर्च के भावों में एक बार फिर तेजी का रुख देखा जा रहा है। एक सप्ताह के अंतराल में कालीमिर्च 100 रुपए प्रति किलो महंगी हो गई है। शनिवार को कालीमिर्च की कीमतें 790 रुपए प्रति किलो पर जा पहुंची। एक सप्ताह पूर्व यह 690 रुपए बिकी थी। इसी प्रकार ग्राहकी निकलने से सौंठ 30 रुपए की तेजी के साथ 300 रुपए प्रति किलो हो गई।

मांग घटी, खाद्य तेल सस्ते

जयपुर. दिसावरी मांग घटने से तेल तिलहन बाजार में सरसों तेल 5 से 10 रुपए प्रति टिन टूट गया। सोयाबीन रिफाइंड में भी गिरावट रही। बिकवाली से सरसों मिल डिलीवरी 42 प्रतिशत तेल कंडीशन 15 रुपए मंदी होकर 3520 रुपए प्रति क्विंटल पर आ थमी। कृष्णा मार्केटिंग के मोहन झालानी ने बताया कि इन दिनों बाजार में उपभोक्ता मांग कमजोर बनी हुई है।

जयपुर लोहा-इस्पात

सरिया प्रति टन टैक्स पेड

	8 एमएम	10एमएम	12एमएम
संजोग सोना	50100	48200	46900
डिफेंडो क्यूटी	51000	49200	47400
प्रीमियर	50400	48600	46800
एमको	50600	48800	47000
मंगला	50200	48400	46600
कृष्णा	51300	49500	47700
जेमिनी	50400	48600	46800
मारुति	50000	48100	46800

गूगल नेस्ट लैब ने ड्रॉपकैम को 3,343 करोड़ रुपए में खरीदा

» लाइव एचडी सीसीटीवी सेवा देती है ड्रॉपकैम

» नेस्ट लैब की खास एप पर मिलेगी लाइव वीडियो स्ट्रीमिंग

एजेंसी. वाशिंगटन

गूगल की नेस्ट लैब ने ड्रॉपकैम कंपनी को 555 मिलियन डॉलर (करीब 3,343 करोड़ रुपए) में खरीद लिया है। ड्रॉपकैम इंटरनेट से जुड़ी एचडी सीसीटीवी सर्विस मुहैया कराती है। ड्रॉपकैम, गूगल द्वारा पहले से खरीदी गई सॉफ्टवेयर कंपनी नेस्ट के साथ नई एप्लीकेशन तैयार करेगी। इससे घर की सुरक्षा में इस्तेमाल होने वाले सीसीटीवी कैमरा सिस्टम और हाईटेक हो जाएंगे। ड्रॉपकैम फिलहाल सीसीटीवी सिस्टम 150 डॉलर (करीब 8500 रुपए) में बेचती है। जो एचडी क्वालिटी वाली लाइव स्ट्रीमिंग और रिकॉर्डिंग मुहैया कराते हैं। इसमें दोनों तरफ से बातचीत और हर कोने में कैमरे को घुमाकर देखना भी संभव होता है। गूगल की नेस्ट कंपनी के तैयार किए एप की मदद से यूजर को स्मार्टफोन पर कभी भी और कहीं भी जूम, लाइव फीड और रिकॉर्डिंग की सुविधा मिलेगी।

तनिष्क का राजपूताना ज्वैलरी कलेक्शन लॉन्च

जयपुर. ज्वैलरी ब्रांड तनिष्क ने शनिवार को यहां अपने विरासत कलेक्शन के तहत राजपूताना ज्वैलरी लॉन्च की। एरिया बिजनेस मैनेजर थानी गैवेल आर ने बताया कि मीना कारीगरी, जड़ाऊ मोती और कुंदन द्वारा तैयार यह ज्वैलरी कलेक्शन विवाह जैसे विशेष अवसर के लिए पेश किया गया है। इस कलेक्शन में चोकर, बाजूबंद, बंगरी, कंगन, अंगूठी, बालियां प्रमुख हैं। इनकी प्राइस रेंज 70,000 रुपए से चार लाख रुपए के बीच है। कंपनी की योजना आगामी दो साल में राज्य में मौजूदा शोरूमों की संख्या चार से बढ़ाकर दस करने की है। (सिटी भास्कर भी पढ़ें)

बिजनेस प्लस •

उदयपुर में एसएनजी ग्रुप की पार्थ सिटी टाउनशिप लॉन्च

उदयपुर. एसएनजी ग्रुप ने शनिवार को यहां पार्थ सिटी टाउनशिप की लॉन्चिंग की। इस अवसर पर ग्रुप के चेयरमैन सत्यनारायण जी गुप्ता और उनकी टीम के सदस्य मौजूद थे। यहां एक ही जगह प्लाट, विला, अपार्टमेंट, क्लब हाउस और कॉमर्शियल काम्प्लैक्स उपलब्ध हैं। यह जगह उदयपुर एयरपोर्ट से केवल दस मिनट की दूरी पर है।

मारुति सुजुकी एक्सचेंज धमाका का आज अंतिम दिन

जयपुर. मारुति सुजुकी के प्री-ओन्ड फेस्ट और समर एक्सचेंज धमाका का रविवार को अंतिम दिन है। इस फेस्ट में पुरानी कारों पर एक साल की वारंटी, तीन फ्री सर्विसेज और आकर्षक फाइनेंस उपलब्ध है। 22 जून तक चलने वाले समर एक्सचेंज धमाका में कोई भी पुरानी कार एक्सचेंज कराने पर 30 ग्राम चांदी व मूल्यांकन पर उपहार जीतने का अवसर मिल रहा है। मारुति की विशिष्ट टीम ने बताया कि लगभग 200 कारों की ऑन द स्पॉट बुकिंग भी हुई।

एलआईसी एचएफएल की सिल्वर जुबली

जयपुर. गृह ऋण कंपनी एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (एलआईसी एचएफएल) ने अपनी स्थापना के 25 साल पूरे होने पर यहां जगदंबा टॉवर कार्यालय में सिल्वर जुबली समारोह मनाया। वैशाली नगर एरिया मैनेजर अजय जैन ने बताया कि इस अवसर पर निशुल्क मधुमेह जांच शिविर आयोजित किया गया। इसका 350 लोगों ने लाभ उठाया।

राजपूताना बैंक की नई जमा योजना

जयपुर. राजपूताना महिला अरबन कॉ-आपरेटिव बैंक ने एक अनोखी जमा योजना 'नया भारत योजना' ग्राहकों को विशेष लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से प्रारंभ की है। योजना का मुख्य आकर्षण इसकी समयावधि व ब्याज दर है। इस योजना में 10,000 रुपए एक मुश्त जमा कराने पर 24 माह में 12,500 रुपए दिए जा रहे हैं। यह योजना 30 जून तक उपलब्ध है।

नारीत्व दर्शन को आज बेस्ट कांसेप्ट अवार्ड

जयपुर. ब्रह्मा कुमारी, आबू रोड की ओर से तैयार तेरह एपिसोड वाले टीवी शो 'नारीत्व दर्शन' को रविवार को सूरत में आयोजित चौथे गुजरात इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में बेस्ट कांसेप्ट अवार्ड प्रदान किया जाएगा। डॉ. सुनीता दीदी ने इस शो का कांसेप्ट और निर्देशन किया है।

Live Chat: www.manglamgroup.com

Manglam BDL
आपका सपना हमारा प्रयास

जयपुर में जहां जाओगे, हमें पाओगे

सपनों के आशियाने को आकार देते
रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट्स

राजस्थान की बुलंदियों के शानदार 67 प्रोजेक्ट्स -
25 रेसिडेंशियल, 24 कमर्शियल, 15 इंटीग्रेटेड टाउनशिप्स एवं 3 इंडस्ट्रीयल प्रोजेक्ट्स

Near Galaxy Multiplex, Mansarovar, Jaipur
Type : Flat 2, 3 & 4 BHK
Manglam's AANANDA The Complete City
Call : 8302000111

Manglam's The GRAND RESIDENCY Premium Residential Apartments
Near Vaishali Nagar, Sirsi Road, Jaipur
Type : Flat 2, 3 & 4 BHK
Call : 9829601544, 9928009214

Aanchal Premium Residential Apartments
Kalwar Road, Jhotwara Jaipur
Type : Flat 2 & 3 BHK
Call : 9928038069, 9928007409

Aangan Residency
Mahapura, Near Mahindra SEZ Ajmer Road, Jaipur
Type : 2 BHK
Call : 9928038065, 9928038068

Manglam's AROMA
Patrakar Colony Mansarovar, Jaipur
Type : Flat 3 & 4 BHK
Call : 9829601547, 9928005406

Manglam arpan RESIDENCY
Patrakar Colony Mansarovar, Jaipur
Type : Flat 3 & 4 BHK
Call : 9928081533, 9829009724

Launching Soon...
Manglam's Rangoli Greens
Maharana Pratap Marg, Near Sirsi Road, Jaipur
Type : 3 & 4 BHK
Call : 9928008050, 9928008045

For any other Project Enquiry Please Call : 8302 111 222

Follow us on :
www.facebook.com/manglamgroup
www.twitter.com/manglamgroup
www.youtube.com/user/manglamgroup

Manglam Build-Developers Limited
Member of CREDAI RAJASTHAN
CIN: U45201RJ2008PLC026256

Corp. Add : 6th Floor, Apex Mall, Lalkothi, Tonk Road, Jaipur (Rajasthan) | info@manglamgroup.com | Customer Care No. : 180030000312
Jaipur | Ajmer | Alwar | Bikaner | Bhilwara | Jhunjhunu | Kota | Udaipur | Goa
Shopping Malls | Townships | Commercial | Residential | Hotels | Amusement Park | Finance | Infrastructur
आपका सपना हमारा प्रयास

SHAKUN

प्रकाशक एवं मुद्रक मुकेश मंगल द्वारा मालिक मै. डी बी कॉर्प लिमिटेड के लिए भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस, शिवदासपुरा रेलवे क्रॉसिंग, टोंक रोड, जयपुर से मुद्रित एवं 10, जवाहरलाल नेहरू मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। स्थानीय संपादक : लक्ष्मी प्रसाद पंत*। संपादक (राजस्थान) : ओम गौड़, फोन : 3988884, फैक्स : 2707251 , आर.एन.आई. नं. 66403/97 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।